मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-67
01/02/2021

संतुलित बजट पेश करने के लिये केन्द्रीय वित्त मंत्री को विशेष तौर पर बधाई :– मुख्यमंत्री

पटना, 01 फरवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जदयू पार्टी कार्यालय पहुंचकर जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

मुलाकात के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आम बजट पर पूरी स्पष्टता के साथ हर बिन्दू पर हमने अपनी बात बता दी है। केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा 34.8 लाख करोड़ रूपये का बजट पेश किया गया है। वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के कारण जो परिस्थिति उत्पन्न हुई उसके बावजूद हर चीज को ध्यान में रखते हुए संतुलित बजट पेश किया गया है। सारे विषय चाहे स्वास्थ्य का सवाल हो या ढांचागत विकास, सड़कों का निर्माण, कृषि, ऊर्जा तथा हर क्षेत्र के लिए अच्छी बातें कही गयी हैं, इसके लिए मैं उन्हें विशेष तौर पर बधाई देता हूँ।

******